## पातालेश्वर धाम मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की लगी लंबी कतारें, जगह जगह हुए भंडारे

# महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब







हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

नगर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व इस वर्ष अभूतपूर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। शिवरात्रि के महापर्व पर नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। चारों ओर "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष गूंजते रहे। भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के पावन विवाह के अवसर पर नगर के विभिन्न हिस्सों में गाजे-बाजे के साथ भव्य बारातें निकाली गईं, जिनमें हर वर्ग और हर आयु के लोग पूरे उत्साह से शामिल हुए।महाशिवरात्रि की शुरुआत ब्रह्म मुहूर्त से पहले ही हो गई थी।

नगर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह लगभग चार बजे से लगनी शुरू हो गई। स्थानीय पातालेश्वर मंदिर में स्थिति यह रही कि मंदिर के बाहर लगभग एक किलोमीटर लंबी कतार देखने को मिली। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और स्वयंसेवकों की मदद से श्रद्धालुओं को क्रमबद्ध तरीके से दर्शन कराए गए। लंबी प्रतीक्षा के बावजूद भक्तों के चेहरों पर थकान नहीं, बल्कि भोलेनाथ के दर्शन की अपार खुशी और संतोष साफ झलक रहा था।

शिवभक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक और पूजन किया। दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा और आक के फूलों से महादेव का रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और "ॐ नमः शिवाय" के जाप से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कई श्रद्धालुओं ने पूरे दिन का उपवास रखा और रात्रि जागरण कर शिव आराधना की। भगवान शिव के विवाह की परंपरा को निभाते हुए नगर में जगह-जगह बारातें निकाली गईं। इन बारातों में ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे और पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र बने। कहीं शिव-पार्वती की झांकियां सजाई गईं तो कहीं नंदी महाराज के साथ भोलेनाथ की सजीव झांकी ने लोगों का मन मोह लिया।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस धार्मिक उत्सव का हिस्सा बने और पूरे उत्साह से नाचते-गाते नजर आए।महाशिवरात्रि के अवसर पर रेलवे स्टेशन के पास बड़े मेले का आयोजन भी किया गया। इस मेले में दूर-दराज से आए दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाईं। खिलौने, मिठाइयां, पूजा सामग्री, श्रृंगार का सामान और खान-पान की वस्तुओं से मेला गुलजार रहा। बच्चों के लिए झूले और मनोरंजन के साधन आकर्षण का विशेष केंद्र बने। शाम होते-होते मेले में श्रद्धालुओं और परिवारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा इलाका रौनक से भर गया।नगर के सभी शिवालयों को विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट से मंदिर जगमगा उठे। फूलों की सुंदर सजावट और मालाओं से मंदिर परिसर मनमोहक दिखाई दे रहे थे। रात के समय जब रोशनी में नहाए मंदिरों से भजन-कीर्तन की आवाजें गूंज रही थीं, तब पूरा नगर मानो शिवमय हो गया था।दिनभर नगर में भजन, पूजन, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा। विभिन्न स्थानों पर शिव महापुराण और रामचरितमानस का पाठ आयोजित किया गया।

कई मंदिरों में रुद्राष्टाध्यायी और महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप हुआ। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि महाशिवरात्रि पर सच्चे मन से की गई शिव आराधना से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि का वरदान प्राप्त होता है।महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी किया गया। लगभग हर गली और चौराहे पर बड़े-बड़े पंडाल लगाए गए थे, जहां श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। प्रसाद में खिचड़ी, पूरी-सब्जी, हलवा, फल और शरबत वितरित किया गया।

भंडारों के कारण सड़कों पर एकाएक भीड़ बढ़ गई, लेकिन सेवा भाव से जुटे कार्यकर्ताओं ने सभी को व्यवस्थित ढंग से प्रसाद ग्रहण कराया। लोगों ने पूरे श्रद्धा भाव से भंडारा महाप्रसाद ग्रहण कर शिवरात्रि का उत्सव मनाया।सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका भी सराहनीय रही।

मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वयंसेवक श्रद्धालुओं को पानी, प्राथमिक चिकित्सा और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते नजर आए।

महाशिवरात्रि का यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव का भी संदेश दे गया। अलग-अलग समुदाय और वर्ग के लोग एक साथ मिलकर इस पर्व को मनाते दिखे। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल, अनुशासन और आपसी सहयोग की मिसाल देखने को मिली।कुल मिलाकर, महाशिवरात्रि का यह महापर्व नगरवासियों के लिए अविस्मरणीय बन गया।

भगवान भोलेनाथ की कृपा और आशीर्वाद की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने इस पावन पर्व को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न किया। हर दिल में यही भावना रही कि महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो।

## भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने शिवालय में पूजा अर्चना कर जिलेवासियों के लिए मांगी सुख समृद्धि



**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के दर्शनकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किए। शहर के विभिन्न शिवालय में दर्शन पूजन के पश्चात सभी पातालेश्वर धाम पहुंचे, जहां विशेष पूजन-अर्चन कर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किए साथ समस्त जिलेवासियों के लिए सुख-समृद्धि, शांति और विकास के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने साथी पदाधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न भंडारों में सेवा कार्य किए। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने संदेश देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का पर्व है। भगवान शिव का आशीर्वाद समाज में सकारात्मक ऊर्जा और समरसता का संदेश देता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री विजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, भारत घई, धर्मेन्द्र मिगलानी, दीपक कोल्हे, राकेश माईकल पहाड़े, अरूण गद्रे, लोकेश यादव, निन्ना शुक्ला, अनीश पटेल, अभिषेक वर्मा, तरूण सोनी, भीम चौरे, शैलेन्द्र मालवी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांसद ने शिवालयों में माथा टेककर की जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि, वैभव और खुशहाली की कामना



**छिन्दवाड़ा।** जिले भर में महाशिवरात्रि का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व भगवान शिव की अराधना और उनकी महिमा के प्रति् रद्धा का प्रतीक है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा में स्थित शिवालयों में देर रात से लेकर प्रातः काल से ही भक्तों का सैलाब उमड़ने लगा था। इसी बीच छिन्दवाड़ा शहर सहित आस-पास के क्षेत्रों में स्थित शिवालयों, मंदिरों और धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने जहां मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना की वही भगवान शिव से जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि, वैभव और खुशहाली की कामना करते हुए माथा टेका। सांसद बंटी विवेक साहू ने महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों, मंदिरों और धार्मिक आयोजनों में पहुंचकर श्रद्धालुओं और आमजनों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। सांसद श्री साहू ने सिहोरामाल में स्थित रामेश्वर धाम में 14 फरवरी की देर रात को परिवार सहित विधि विधान से पूजा अर्चना की।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सांसद श्री साहू ने अमरवाड़ा सुरम्य पहाड़ियों में स्थित गरमेटा वाले महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया।

## महाशिवरात्रि पर श्री बटकेश्वर शिवधाम मंदिर में 151 किलो का त्रिशूल किया भेंट





**दमुआ।** महाशिवरात्री के पावन अवसर पर श्री बटकेश्वर शिवधाम मंदिर पुराना दमुआ माईन में 151 किलो का विशाल त्रिशुल भेट करेगे श्री भैयालाल परतेती परिवार पुराना दमुआ के द्वारा नव निर्मित श्री बटकेश्वर शिवधाम मंदिर में 151 किलो का विशाल त्रिशुल महाशिवरात्री के पावन अवसर पर भेंट करने जा रहे है उन्होने बताया कि महाशिवरात्री के पावन अवसर पर हमारे परतेती परिवार के द्वारा विशाल त्रिशुल यात्रा नगर का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचेगें और फिर पूजन अनुष्ठान कर विधिवत त्रिशुल भेट करेगें जबकि त्रिशुल यात्रा का वार्ड के नागरिक एवं भक्त श्रद्धालुओ के द्वारा जगह जगह त्रिशूल यात्रा का पूजन पाठ कर स्वागत सत्कार किया गया कार्यक्रम को सम्पूर्ण कराने में श्री गिरजा शंकर दुबे महाराज के सानिध्य में मूर्ति श्री गणेश, श्री शिवलिंग जी महाराज, नंदी महाराज एवं नागदेव महाराज की भव्य मूर्ति की स्थापना की गई इस पावन अवसर पर भारी संख्या में परतेती परिवार के स्वाजाती बन्धु ग्राम के नागरिक भक्त श्रद्धालु अधिक संख्या में उपिस्थत थे जहां सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## भवानी माता मंदिर में श्रीराम कथा का भव्य समापन, हवन-पूजन के साथ दी गई पूर्णाहूति



**सौंसर।** बेरडी रोड स्थित माँ भवानी माता मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय पावन श्रीराम कथा का समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक और मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों की चर्चा के साथ ही विशाल हवन-पूजन का आयोजन किया गया।प्रयागराज से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पूज्य पंडित श्री कृष्णानंद शुक्ला महाराज जी ने अपने मधुर स्वर में प्रभु श्रीराम, माता सीता और भक्त शिरोमणि हनुमान जी के प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। महाराज जी ने कहाः प्रभु श्रीरामः सत्य, कर्तव्य और धर्म के प्रतीक हैं। उनका वनगमन त्याग की वह सर्वोच्च मिसाल है, जो आज के समाज को आज्ञाकारी होने का पाठ पढ़ाती है। वे शक्ति और सहनशीलता की प्रतिमूर्ति हैं। विपरीत परिस्थितियों में उनका धैर्य नारी गौरव का अनुपम उदाहरण है। सच्ची भक्ति वही है जिसमें अहंकार न हो। हनुमान जी का समर्पण सिखाता है कि अटूट श्रद्धा से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं।शिव-पार्वती प्रसंग और पारिवारिक आदर्शकथा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य दांपत्य जीवन का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। आयोजन में सुख-समृद्धि के लिए आहुतियांकथा की पूर्णाहूति के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हवन-पूजन संपन्न हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों और बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड में आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगल कामना की।

## कमलनाथ व नकुलनाथ की प्रेरणा से किया गया आयोजन

# महाशिवरात्रि पर फलाहारी भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कांग्रेस के द्वारा देवों के देव महादेव व माता पार्वती के विवाह का दिन महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। दिन रविवार को फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के द्वारा मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी की प्रेरणा से विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के द्वारा महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारे



का आयोजन किया गया। भंडारा भक्तों के लिए विशेष व महत्वपूर्ण रहा यहां फलाहारी का वितरण किया गया। कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान ने बताया कि प्रकोष्ठ के द्वारा प्रतिवर्ष पातालेश्वर धाम पहुंच मार्ग चारफाटक के समीप स्थित दादाजी धूनी वाले मंदिर के समीप विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन पूर्व निर्धारित स्थल पर ही किया गया। आयोजित भंडारे में फलाहारी का प्रसाद लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन पहुंचे।

### कांग्रेस के पदाधिकारियों ने शिव मंदिरों में टेका माथा, लिया आशीर्वाद

कांग्रेस पदाधिकारियों ने महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय पर स्थित शिव मंदिरों में माथा टेका और पूजा अर्चना की। भगवान भोलेनाथ से नगर, जिला, प्रदेश व देश की सुख शांति समृद्धि व विकास के लिए प्रार्थना की। माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी की ओर से जिले व नगरवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं दी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे के नेतृत्व में जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से शिव मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका, पूजन अर्चन की साथ ही शहर में आयोजित भंडारों में सम्मिलित होकर सेवाएं दी।

### ऑरेंज फेस्टिवल' में उमड़ रही भीड़, क्षेत्र के किसानों को मिल रही है जानकारी

**सौंसर।** बीते दिनों क्षेत्र के संतरा उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से सौसर फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड द्वारा आयोजित 15 दिवसीय 'ऑरेंज फेस्टिवल' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कंपनी के प्रमोटर एवं पूर्व विधायक अजय रेवनाथ चौरे,श्रीमती रिता चौरे द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अजय चौरे ने कहा कि यह फेस्टिवल केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र के संतरा उत्पादकों के लिए एक सशक्त मंच है। उन्होंने जोर देकर कहा की इस आयोजन से किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त होगा।कृषि आधारित स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। किसानों को आधुनिक तकनीक और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन अपनाकर वैश्विक बाजारों से जुड़ने की आवश्यकता है।15 दिनों तक चलेगा गतिविधियों का दौरयह फेस्टिवल आगामी 15 दिनों तक निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान किसानों और आमजनों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें संतरा उत्पादों की विशाल प्रदर्शनी एवं विपणन। तकनीकी खेती हेतु जागरूकता कार्यक्रम। किसानों के लिए विशेष संवाद और प्रशिक्षण सत्र आदि किये जा रहे है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक हर दिन उपस्थित होकर आयोजन को सफल बना रहे हैं इस दौरान प्रमुखताँ से यशवंत राव फोले, बलवंत राव फोले, अनिकेत चौरे, बंडू बैंड, दिनेश लाड़से, कैलाश ठाकरे, गजानन कोचे, रोशन गवांडे, निलेश वानखेडे, साजिद कुरैशी मौजूद रहे।


## ब्रह्माकुमारी संस्थान उल्लास के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव



**सौंसर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, गजानन कॉलोनी मे महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में आध्यात्मिक चर्चा के साथ दीप प्रज्वलन कर उत्सव का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री नाना मोहोड़,श्रीमती मीना नाना मोहोड़,भाजपा महिला मोर्चा की श्रीमती ऊषा भगोरे, सौसर थाना प्रभारी रूपलाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनुराधा दीदी ने उपस्थित जनसमूह को महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य से अवगत कराया। उन्होंने बताया किःमहाशिवरात्रि केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि स्वयं के अंधकार को मिटाकर परमात्मा के प्रकाश से जुड़ने का पर्व है। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से हम कैसे सहजता से शिव को याद कर सकते हैं और उनके साथ अपना आत्मीय संबंध जोड़ सकते हैं। कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र भगवान शिव की मनमोहक झांकियाँ रहीं। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विजय भाई रेवश्कर, चैतन्य भाई, रामभाऊ लिखारे, बी.के. सारंग भाई, मनोरमा माता, पुष्पा माता, कल्पना बहन सहित बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई-बहन के उपस्थित थे।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, बड़ा हादसा होने से टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



**बिजली विभाग ने की ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग**

जुन्नारदेव में मुखीजी चौक के समीप स्थित ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना हुई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने जलते हुए ट्रांसफार्मर को जलने से बचाया। सूचना के बावजूद विद्युत विभाग के कर्मचारी देर से पहुंचे, लेकिन तब तक स्थानीय लोगों ने रेत का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया था।घटना की जानकारीजुन्नारदेव के मुखीजी चौक के समीप स्थित ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग पर काबू पाने के लिए रेत का उपयोग किया और आग को बढ़ने से रोक दिया।सूचना के बावजूद देर से पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारीसूचना के बावजूद विद्युत विभाग के कर्मचारी देर से पहुंचे, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। हालांकि, स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।आग पर काबू पाने में मदद करने वाले लोगआग पर काबू पाने में अजय तिवारी, अतीक सिद्धिकी, भोला सोनी, और विशाल श्रीवास्तव ने मदद की। उन्होंने रेत का उपयोग कर आग को बढ़ने से रोक दिया और बड़ा हादसा टल गया।ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंगफिलहाल, विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग की गई है, जिससे बिजली की आपूर्ति जल्द ही सामान्य हो जाएगी।

## छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम पर लिखा निबंध

**छिन्दवाड़ा ।** पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने और मानव जीवन को संरक्षित करने के लिए हम सभी को एक जुट होकर अधिक से अधिक पौधों का रोपण हमे करना होगा । पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए माय भारत छिंदवाड़ा के तत्वावधान मे छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम कोटलबरी हायरसेकन्डरी स्कूल मे एक पैड़ मां के नाम पर आधारित निबंध प्रतियोगिता जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली के मार्ग दर्शन मे आयोजित की गई । कुकडा ग्राम उत्थान समीति के संयोजक श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुये कहा की वायुमंडल मे कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा दिनो दिन बढ़ते चली जा रही हे इसे कम करने के लिए हमे अधिक से अधिक पौधा रोपण करना होगा , तभी हमारे परिसर का वातावरण शुद्ध रहेगा । पेड़ मानव जीवन को सुरक्षित रखने संजीवनी का कार्य करता हे ,इसलिए पेड़ो को बचाये रखने हमे आम जनो को जागरूक करना होगा प्राचार्य बलराम धृतलेहरे ने बताया की माय भारत छिंदवाड़ा के द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता मे 125 छात्रो ने भाग लिया ,भाग लेने वाले छात्रो मे प्रथम स्थान आस्था चौरे, द्वितीय स्थान, राधा यादव ओर तृतीय स्थान पर नंदराम सल्लाम आये छात्रो को उपस्थित अतिथियों के हस्ते पुरुस्कृत किया गया ।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, 30 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**सिंगोड़ी।** पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में सिंगोड़ी में एक शाम शहीदों के नाम का कार्यक्रम श्रद्धा एवं देशभक्ति के भाव के साथ सम्पन्न हुआ। झण्डा वंदन समिति एवं व्यापारी मंडल सिंगोड़ी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था जिसमे 30 यूनिट रक्त



प्राप्त हुआ वहीं रात्रि 8 बजे से कबीरवाड़ा साहेब दरबार के प्रांगण में एक शाम शहीदों के नाम आर्केष्ट्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में गायक रुचि पांडोले, शिवांशी सिंह, निशांत बादशाह,अमीन खान, रूपेश राज, रजत राय,महेंद्र मालवीय,शिवम ने देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, गायकों ने उपस्थित जनसमूह को देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। उपस्थित नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को स्मरण किया। समिति के निशंक जैन ने बताया कि सात वर्ष पूर्व 14 फरवरी को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में देश ने अपने कई वीर सपूत खोए थे। उन्हीं वीर जवानों को नमन करते हुए यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। वही समिति ने हाल ही निधन हुए वरिष्ठ नागरिक सीएल ठाकुर, शेख रफीक ,अजय पाठक जगन्नाथ ठाकूर को मंच से श्रद्धांजलि दी।

## महाशिवरात्रि पर्व पर विधायक पटेल ने मंदिर पहुँचकर भगवान शिव का लिया आशीर्वाद

# आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



देवो के देव महादेव की आराधना के पर्व महाशिवरात्रि पर्व संपूर्ण क्षेत्र में आस्था व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगरीय क्षेत्र में भी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव भक्तों व श्रद्धालुओं में बेहद उत्साह देखा गया। नगर के जागेश्वर शिव मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर, बस स्टैंड के हनुमान मंदिर, हिमाचल नगर स्थित शिव मंदिर, ग्राम पंचायत वारा के गोंडीटोला में स्थित शिव पार्वती मंदिर व ग्राम पंचायत रमरमा की पहाडिय़ों में विराजे शिवालयों में साज सज्जा के साथ-साथ आकर्षक रौशनी की गई थीं। सभी शिव मंदिरों में सुबह 5 बजे विधि विधान के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद हवन पूजन कर शिव भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर में महाकाल सेना भव्य बाईक रैली निकाली गई। इस रैली ने नगर के विभिन्न गलियों, चौराहों व वार्डो का भ्रमण किया। रैली में शामिल युवकों द्वारा हर हर महादेव, बम बम भोले के उद्घोष से नगर को गुंजायमान कर दिया गया था।

आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुके इन प्राचीन मंदिरों का जनसहयोग के माध्यम से जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। इस स्थान पर अलग-अलग विशेष आकृतियां मंदिर की भव्यता को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त है। महाशिवरात्रि के दिन यहां सुबह से लेकर देर रात तक आस्था का जनसैलाब उमड़ा हुआ रहता है। वारासिवनी नगर के अलावा अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में भक्त जन दर्शन के लिए मंदिर में पहुंचते है।

जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत रमरमा के ग्राम पेंदीटोला की पहाडिय़ों में बसे हुए शिवलिंग के दर्शनों व पूजा अर्चना के लिए हजारों लोग सुबह से ही पहाडिय़ों पर चढ़ते हुए नजर आए। इस मौके पर ग्राम पेंदीटोला में एक भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई। जिसमें माँ काली, भूत पिशाच का वेश धरे हुए कलाकारों ने जमकर नृत्य करते हुए लोगों का मन मोह लिया।

महाशिवरात्रि पर्व पर विधायक विवेक पटले ने नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में जाकर भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने रमरमा की पहाडिय़ों में बसे हुए शिवलिंग के दर्शन कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्राम रमरमा की पहाडिय़ों में बसे भगवान भोलेनाथ के मंदिर की एक अलग ही पहचान है। इस मंदिर के चारों ओर घना जंगल है। जो काफी सुंदर दिखाई देता है। इन पहाडिय़ों में हर प्रकार के जंगली जानवर निवास करते है। हमारा प्रयास रहेगा कि इस क्षेत्र को एक पर्यटक स्थल बनाया जाये। इस स्थल को पर्यटक स्थल बनाने के प्रदेश सरकार को हमारे द्वारा प्रस्ताव भी भेजा गया है।

## महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में संजीवनी क्लीनिक एवं बिहोने मेडिकल के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर, दिनांक 15 फरवरी दिन रविवार को स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं के लिए बालाघाट रोड वार्ड नंबर 20 में संचालित संजीवनी क्लीनिक एवं बिहोने मेडिकल के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी प्राथमिक जांच और निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर डॉ. रूपेंद्र के, गिरिया ने कहा, ₹महाशिवरात्रि का दिन केवल आध्यात्मिक महत्व नहीं रखता, बल्कि यह समाज सेवा और मानवता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिन हम अपनी सेवा से श्रद्धालुओं की मदद कर उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना है।₹ उन्होंने यह



भी कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है और यह संदेश मिलता है कि स्वस्थ रहना हर व्यक्ति की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी से यह अपील की कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता से अच्छे स्वास्थ्य की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। डॉ. अंकित खरोले ने उम्मीद जताई कि इस शिविर से भाग लेने वाले श्रद्धालु स्वस्थ रहें और हमेशा खुशहाल जीवन जीने का संकल्प लें। इस शिविर ने न केवल श्रद्धालुओं को चिकित्सा सहायता प्रदान की, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता का महत्व भी उजागर किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में डॉ रूपेंद्र के गिरिया एम.बी.बी.एस जनरल फिजिशियन, डॉ अंकित आर खारोले एम.बी.बी.एस DCH नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ सुमित आर खारोले एमबीबीएस जनरल फिजिशियन, डॉ अमित आर खारोले एम.बी.बी.एस जनरल फिजिशियन, डॉ अर्चना माइंडा एमबीबीएस महिला चिकित्साक, डॉ अंकित तुरकर एम.बी.बी.एस जनरल फिजिशियन एवं संजीवनी क्लीनिक के संचालक की अहम भूमिका रही।

## नवोदय विद्यालय ने बालाघाट जिले के 39 विद्यालयों को 299 फुटबॉल वितरित किए

**वारासिवनी।** बालाघाट जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और विद्यालय स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे पीएम श्री शासकीय जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में फुटबॉल स्कूल हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहम्मद असलम शेख ताइक्वांडो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवम् कोच, विद्यालय प्रभारी प्राचार्य बी आर पटेल, महेंद्र कुमार, जी एस यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत बालाघाट जिले के 39 विद्यालयों को कुल 299 फुटबॉल वितरित किया जाना था। कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक एवं एक छात्र की उपस्थिति रही। जिससे आयोजन को सहभागितापूर्ण स्वरूप मिला। अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## 14 फरवरी को पुलवामा हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

### बालक छात्रावास उकवा में ब्लैक डे के रुप में मनाया



हरिभूमि न्यूज उकवा।

बालक छात्रावास उकवा में 14 फरवरी को 'ब्लैक डे' के रूप में मनाया। इस अवसर पर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गईछात्रावास के द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शहीदों की याद में मोमबत्तियां जलाई गईं और उनके बलिदान को नमन किया गया। यह कार्यक्रम पुलवामा हमले की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया था। समाज सेवी संदीप गजभिये ने इस दौरान कहा कि 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के बजाय पुलवामा में शहीद हुए 40 सैनिकों के बलिदान को याद करना चाहिए। उन्होंने देशवासियों से अपील कि है की यदि वे अपने वतन से प्रेम करते हैं, तो एक दिया या मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दें।इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारिक, अधीक्षक रामलाल पटले सचिव नितिन कुमार समाजसेवी संदीप गजभिये अमन गौतम डॉक्टर प्रभात घुले, बाबूलाल धुर्वे, प्रमोद मरकाम, शक्ति तेकाम, सागर तेकाम आर्यन तिलासे, भूपेंद्र परते,आयुष उइके, सहित समस्त छात्रावास के बच्चे उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## बिछुआ में सड़क हादसा, चाचा की मौत-भतीजा घायल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** घर से नाश्ता करने के लिए बाजार चौक की तरफ होटल जा रहे चाचा-भतीजे सड़क हादसे का शिकार हो गए है। हादसे में चाचा की दर्दनाक मौत हो गई जबकि भतीजे को मामूली चोट आई है। यह हृदय विदारक घटना तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिछुआ से लिंगापौनार सड़क मार्ग की है। हादसा सोमवार की सुबह करीब साढ़े 9 के आसपास हुआ है। जिसमें बिछुआ निवासी 22 वर्षीय युवक मयूर पिता रतनलाल राहंगडाले की मौत हो गई है। वहीं भतीजे गौरव राहंगडाले को मामूली चोट आई है। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर संजीवनी 108 घटनास्थल पर पहुंची थी लेकिन जब घायलों को अस्पताल लाया गया तो यहां चिकित्सक ने मयूर को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी अनुसार चाचा-भतीजे बाइक पर सवार होकर अपने गांव बिछुआ से नाश्ता करने के लिए लिंगापौनार की तरफ जा रहे थे। बिछुआ से लिंगापौनार सड़क मार्ग पर एक मोड़ाई में अचानक से पालतू मवेशी बाइक के सामने आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में बाइक सीधे खेत में जा गिरी। इस हादसे में चाचा की मौत हो गई। मृतक के शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी के शव विच्छेदन गृह लाया गया। जहां पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

## पीड़ित किसान ने थाने में की शिकायत

# अज्ञात शरारती तत्व ने पशु चारे में लगाई आग

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शहर से सटी ग्राम पंचायत सेलवा के डोंगरू टोला में अज्ञात शरारती तत्व के द्वारा एक किसान के खेत में रखे पशुचारे को आग के हवाले करने की घटना प्रकाश में आई है। शरारती तत्व के द्वारा शनिवार की देर रात करीब साढ़े 11 बजे आगजनी की इस घटना को अंजाम दिया गया। जिससे किसान को लगभग 10 हजार रुपए आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने खेत की तरफ आग की लपटे उठती देखी जिसके बाद खेत की तरफ दौड़ लगा दी लेकिन संसाधनों के अभाव में आग बूझाने का कोई प्रयास नहीं किया जा सका और किसान के आंखों के सामने 15 मिनट के भीतर पूरा पशुचारा जलकर राख बन गया। रविवार की सुबह 10 बजे पीड़ित किसान ने थाने पहुंचकर आगजनी



की लिखित में शिकायत दर्ज करवाई है। प्राप्त जानकारी अनुसार सेलवा निवासी भानु किशोर पिता झनकलाल देशमुख के खेत में रखे पशुचारा में शनिवार की रात्रि करीब साढ़े 11 बजे के आस-पास किसी अज्ञात शरारती तत्व ने आग लगा दी थी। स्थानीय ग्रामीणों ने दूर से ही आग की लपटे उठती देखी और सरपंच देवेन्द्र देशमुख और किसान को सूचना दी। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण खेत पहुंच गए। किसान ने रात्रि में ही डॉयल 112 के जरिए पुलिस को सूचना दी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची वहीं किसान को रविवार की सुबह थाना पहुंचकर लिखित शिकायत करने कहा। किसान ने रविवार को थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं आरोपी का पता लगाकर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक कोई एक युवक इस घटना के बाद भागते हुए दिखाई दिया लेकिन अंधेरा होने की वजह से उसकी पहचान नहीं की जा सकी।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 07 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन दिनाँक 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक किया जाना है। किसान अपनी फसल का निःशुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर जाकर अपनी उपज का पंजीयन करा सकतें है।

# छपारा पुलिस द्वारा दो नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब कर परिवार से मिलाया गया

**पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा जिले में हो रहे गंभीर अपराधो की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के निर्देशन एवं थाना प्रभारी छपारा के नेतृत्व में थाना छपारा पुलिस द्वारा अपर्हत 02 नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया एवं परिवार के सुपुर्द किया गया । घटना का विवरण इस प्रकार है- थाना छपारा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 10/02/2026 को प्रार्थिया द्वारा थाना छपारा उपस्थित आ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि प्रार्थिया की बड़ी बहन की 02 नाबालिक बेटियो को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है उक्त रिपोर्ट पर थाना छपारा मे पृथक पृथक अपराध क्रमांक 69/2026 एवं अपराध क्रमांक 70/2026 धारा 137 (2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना के दौरान थाना स्तर पर टीम गठित कर अपर्हत बालिकाओ की तलाश पतासाजी शुरू की गई। थाना छपारा पुलिस व्दारा जमीनी स्तर पर अथक प्रयास कर मुखबिर सूचना के आधार पर चंद्रपुर महाराष्ट्र से दोनो नाबालिक बालिकाओ को दस्तयाब कर उनके माँ को सकुशल सुपुर्द किया गया है बालिकाओ से पुछताछ करने पर बालिकाओ व्दारा बताया गया कि घरवालो के डांटने पर नाराज होकर बाहर कमाने खाने चंद्रपुर जाना बतायी जिस संबंध मे विवेचना की जा रही है। महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक श्री खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उप निरीक्षक मंजू रहांगडाले, सउनि बी एस प्रजापति, सउनि सुखदास मर्सकोले, प्रधान आरक्षक मूलसिंह उइके, महिला आरक्षक राधा तेकाम, आरक्षक चालक रामनरेश शामिल रहे।

# कान्हीवाड़ा में स्टापर से टकराकर युवक घायल, अस्पताल की अव्यवस्था आई सामने

कान्हीवाड़ा थाना परिसर के सामने लगे स्टापर से टकराकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद आम लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायल को तत्काल कान्हीवाड़ा अस्पताल पहुंचाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बताया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी घायल व्यक्ति काफी देर तक तड़पता रहा, लेकिन वहां न तो कोई डॉक्टर मौजूद था और न ही नर्सिंग स्टाफ। अस्पताल में स्टाफ की अनुपस्थिति के कारण उपचार शुरू नहीं हो सका, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही कान्हीवाड़ा के उपसरपंच अब्दुल माजिद शहज़ादे ग्रामवासियों के साथ अस्पताल पहुंचे और वहां की अव्यवस्था का जायजा लिया।

स्थिति गंभीर देखते हुए उन्होंने तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलवाई और घायल को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सिवनी रेफर कराया।

इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर स्वाति उइके एवं ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी राजेन्द्र कुमार को दी गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल में अक्सर कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं रहते, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार और नियमित रूप से डॉक्टर व स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# विकसित भारत योजना अब गांव होंगे और अधिक सशक्त और बुलंद, मोदी जी का मिशन आत्मनिर्भर गांव विकसित भारत

घंसौर - विकसित भारत जी-राम-जी योजना की आज कार्यशाला संपन्न जिसमें सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा योजनाओं का विस्तृत स्वरूप रखा गया देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। सांसद कुलस्ते ने विषय रखा जिसमें उन्होंने बताया कांग्रेस के शासनकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार



का प्रतीक बन गई थी उस समय न मजदूरों को पूरा रोजगार मिलता था ना ही कभी पूरा अधिकार लेकिन मोदी सरकार गारंटी मिशन ग्रामीण यानी VB-G-RAM-G मनरेगा को नया रूप दिया है। इस नए कानून में ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की पक्की गारंटी है जिसके तहत अब 100 दिनों की अपेक्षा 125 दोनों का रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तथा सरपंच, पंचायत सचिव, सह सचिव एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर श्री राम मंदिर ट्रस्ट लखनादौन में 12 ज्योतिर्लिंगों का सामूहिक जलाभिषेक

**लखनादौन। पावन पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री राम मंदिर ट्रस्ट लखनादौन में 12 ज्योतिर्लिंगों का भव्य सामूहिक जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और "हर हर महादेव" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।**

भक्तों ने पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ 12 ज्योतिर्लिंगों का जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त




किया। इस पावन अनुष्ठान के कर्ता आचार्य श्री प्रकाश तिवारी रहे, जिनके वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण दिव्यता से भर उठा। कार्यक्रम में राम मंदिर के पुजारी अमित तिवारी ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम की विशेष देखरेख संचालक अजय शुक्ला, गजाधर श्रीवास्तव एवं प्रकाश साहू द्वारा की गई। साथ ही मुकेश यादव, मुरलीधर विश्वकर्मा, राजू तिवारी, दुर्गेश विश्वकर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आयोजन में सराहनीय सहयोग दिया। महाशिवरात्रि के इस विशेष आयोजन ने नगरवासियों में धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# शिक्षा का उद्देश्य सर्विस ही नहीं सेवा भी हो-ऐलक नम्र सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जैन मंदिर लखनादौन में विराजमान आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज जी के शिष्य ऐलक नम्र सागर महाराज जी ने अपने उद्बोधन में कहा शिक्षा का उद्देश्य केवल सर्विस नहीं सामाजिक सेवा और परोपकार की श्रेष्ठ भावना भी होना चाहिए पुस्तकों से ज्ञान मिलता है साहस और पराक्रम हमें पैदा करना पड़ता है , गाय दूध देती है घी हमें बनाना पड़ता है बच्चों को घर में समझाइस देना उन्हें जीवन का उद्देश्य समझाना यह किसी ट्यूशन कोचिंग क्लास से कम नहीं, सिर्फ किताबें ही पढ़ाई नहीं है जीवन की कला सीखना भी श्रेष्ठ पढ़ाई है, बेस्ट एजुकेशन है, महाराज श्री ने कहा बच्चे ट्यूशन कोचिंग होमवर्क टेस्ट एग्जाम में ही सिमट चुके हैं खेल के



मैदान सुनने पड़े हैं, मोबाइल ने उनसे उनका बचपन छीन लिया ,, ना प्रगति से प्रेम ना समाज से मतलब, ना मां-बाप की फिक्र,, केवल गेम ,, इस पर हमें सुधार करना होगा यदि आप बच्चों को स्वस्थ देखना चाहते हैं उन्हें खेल के मैदान पर ले जाइए , उनके साथ खेलिये,उनके साथ हंसीये, उनके साथ समय बताइए उनका घर के काम में लगाइए , परीक्षा में नंबर कम आने से जीवन का मूल्यांकन काम नहीं होता जिंदगी नंबरों से बड़ी होती है जिंदगी डिग्री से परे होती है साहस और पराक्रम की कोई डिग्री नहीं होती शिक्षा ऐसी है जो हमें मुसीबत में भी मजबूत रखें इसके लिए हमें शिक्षा और संस्कार मिलना होगा,, लखनादौन जिन मंदिर में पूज्य महाराज श्री द्वारा नित्य सुबह अभिषेक ,शांति धारा, प्रवचन , दोपहर में धार्मिक धार्मिक ग्रंथो पर बाचन ,, शाम को आचार्य भक्ति गुरु भक्ति से धर्म की गंगा ओर समाज में धर्म का माहौल बना हुआ है,, पूज्य महाराज श्री द्वारा धर्म रूपी गंगा में समाज के सभी वर्गों के लोग निरंतर धर्म सभा में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं कार्यक्रम कार्यक्रम में मंच संचालन जैन समाज के अध्यक्ष विजय जैन के द्वारा किया जा रहा है।

# धीरज पटेरिया ने किया वरिष्ठों को अटल कार्यकर्ता सम्मान से विभूषित

**बरघाट**- भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता धीरज पटेरिया जी के द्वारा अटल स्मृति समिति के माध्यम से पूरे प्रदेश के सभी जिलों में अटल जी के जन शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर अटल कार्यकर्ता सम्मान यात्रा के रूप में जनसंघ के समय से संगठन की सेवा में अपना जीवन न्योछावर करने वाले, तपस्वी वरिष्ठ कार्यकर्ता गणों को अटल कार्यकर्ता सम्मान से विभूषित किया जा रहा है जो बेहद अनुकरणीय कार्य है।

इसी क्रम में बरघाट पहुंचे धीरज पटेरिया जी के द्वारा जनसंघ के समय से संगठन कार्य हेतु जीवन लगाने वाले वरिष्ठजनों आदरणीय वेंकट राव बिसेन, बालकृष्ण शर्मा (लोकतंत्र सेनानी), सिवनी जिले में जनसंघ के संस्थापक सदस्य व



वरिष्ठ किशोर कुमार आसर के निवास पहुंचकर धीरज पटेरिया ने रजत पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती ममता पाठक के निवास पर भी पहुंचे पटेरिया जी का शाल श्रीफल से श्रीमती ममता पाठक व अनिल पाठक के द्वारा स्वागत किया गया। पटेरिया ने जेवनारा में वरिष्ठ गीता नाग के निवास में पहुंचकर उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। बरघाट क्षेत्र के वरिष्ठ एवं जिले में जनसंघ संस्थापक सदस्य स्वर्गीय नारायण सिंह ठाकुर के निवास स्थान पर भी धीरज पटेरिया पहुंचे जहां पर वरिष्ठ सुंदर सिंह ठाकुर, यशवंत सिंह ठाकुर द्वारा कमल पुष्प माला पहनाकर व पार्टी का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। धीरज पटेरिया जी ने स्वर्गीय नारायण सिंह ठाकुर को याद कर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इस गरिमामयी अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत राहंगडाले, नगर परिषद उपाध्यक्ष ममता अनिल पाठक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रितपाल सिंह बघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, मंडल महामंत्री महेंद्र सोनी, पार्षद असंत उईके, पूर्व मंडल महामंत्री सुजीत सिंह सूर्यवंशी,पूर्व मंडी उपाध्यक्ष हंसलाल बिसेन, पूर्व सांसद प्रतिनिधि भारत लाल देशमुख, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रंहागडाले, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक उपस्थित रहे। इस कार्य के लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं ने धीरज पटेरिया जी को हृदय से साधुवाद दिया और कहा ऐसे निस्वार्थ कर्मयोगियों का जीवन ही हम कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का असली स्त्रोत है।

# दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण शिविर का आयोजन कस्तूरबा गांधी हॉस्टल बेसिक स्कूल लखनादौन में किया गया

**लखनादौन।** राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्धारित तिथि अनुसार दिव्यांग बच्चों का उपकरण वितरण शिविर का आयोजन कस्तूरबा गांधी हॉस्टल बेसिक स्कूल लखनादौन में किया गया। उपकरण वितरण में कुल 64 बच्चों के 97 उपकरण वितरित किए गए, इन उपकरणों में ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर ,श्रवण मशीन, कैलीपर्स रोलेटर , बौद्धिक बच्चो को टी.एल.एम. किट 3 से 7 उम्र टी.एल.एम. किट 7 से 11 टी. एल.एम.किट 12 से 18 उम्र के बच्चो को एवं ब्रेल स्लेट , ब्रेल छड़ी आदि सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम मे उपस्थित हरीश बर्मन ए पी सी आईडी ने अपने उदभोदन में कहा- की दिव्यांग बच्चों को उपकरण किसी न किसी योजना के तहत मिलते रहते हैं किंतु पालक इनका रखरखाव ,सदुपयोग सही ढंग से नहीं करते अगर बच्चों को स्वावलंबी बनाना है तो उपकरणों का उपयोग नियमित करना होगा। दीपक निगम की शिक्षा समिति के



अध्यक्ष ने अपने उदभोदन- में कहा की वास्तव में दिव्यांग बच्चों उपकरण पाकर बहुत खुश हैं नजर आ रहे है, इन उपकरणों से उनके जीवन शैली में एक नया मोड़ आएगा एवं सभी बच्चे स्कूल तक पहुंचेंगे। आने-जाने में असुविधा नहीं होगी।

बी आर सी श्री राम पटले ने अपने उदभोदन में आभार व्यक्त करते हुए कहा - दिव्यांग बच्चों सामान्य बच्चों से कम ना समझे इन बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है ,उन्होंने आगे कहा चाहे दृष्टि बाधित हो चाहे बौद्धिक अक्षमता चाहे ,अस्थि बाधित बच्चे हो सब में कोई ना कोई विशेष योग्यता होती है जो दिव्यांग बच्चों कर सकते हैं वह सामान बच्चे नहीं कर पाते,उन्होंने कई आदर्श दिव्यांग बच्चों कहानियां बताई।

कार्यक्रम में मंच का व्यवस्थित संचालन जीपी चंदेल एम आर.सी जनपद शिक्षा केंद्र लखनादौन एवं कार्यक्रम का संयोजन उत्तम दहीकर ने किया गया, उपकरण वितरण को सफल बनाने में लखनादौन के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ विशेष अतिथि शिक्षक श्रीमती अरुणा पटले,श्रीमती सपना शैडे हिमांशु चंद्रवंशी एवं मोहित पाटील का विशेष योगदान रहा।

दिव्यांग बच्चे उपकरण पाकर बहुत उत्साहित थे इन उपकरणों को पाकर दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक स्तर में सुधार होगा, ट्राई साइकिल का प्रयोग कर बच्चे नियमित स्कूल जाएंगे व्हीलचेयर को पाकर उनके पालक दिव्यांग बच्चों को स्कूल तक पहुंच सकेंगे अपने घर में घूम सकेंगे ,कैलीपर्स पाकर, अस्थि बाधित बच्चे चल सकेंगे एवं ब्रेल स्लेट पाकर दृष्टि बाधित बच्चे बेल लिपि से लिखना पढना सीख सकेंगे रोलेटर पाकर बच्चे उसके सहारे से चलना सीखेंगे टीएम किट पाकर बौद्धिक अक्षमता वाले बच्चे स्तर अनुकूल अपने शैक्षिक स्तर में सुधार कर सकेंगे इनके शिक्षकों पढ़ाने लिखाने में सहयोग मिलेगा।

# विधायक दिनेश राय ने शिव मंदिरों में माथा टेका, लिया जगतगुरु का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

रविवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शिव मंदिरों मे माथा टेककर दर्शन-पूजन एवं लोक कल्याण की कामना किया तथा जगतगुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।

आज भक्ति और शक्ति के महाशिवरात्रि पर्व के पावन पर्व सुअवसर पर दिन का शुभारंभ करते हुए भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सपत्नीक अपने लखनादौन स्थित गृह निवास के समीप स्थित शिव मंदिर मे विधी विधान से पूजन-अर्चन एवं भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर किया। तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि का वरदान मांगा। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन गुरु रत्नेश्वर धाम



दिघौरी पहंचे। जहां पर आपने मंदिर मे प्रवेश कर अद्वितीय पारदर्शी स्फटिक शिवलिंग के अलौकिक दर्शन किया। इस दौरान आपने पूज्यपाद द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के श्रीचरणों मे वंदन कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा को आगे बढ़ाते हुए मध्येश्वर धाम ग्राम निवारी (पौनार) पहुंचे। जहां नारायण सेवा समिति द्वारा अनंत श्री विभूषित काशी धर्मपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के पावन सानिध्य मे आयोजित रुद्र महायज्ञ, शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर आध्यात्मिक ऊर्जा संचित किया। तथा शिव मंदिर मे भगवान महादेव का पूजन-अर्चन किया। इसके अलावा श्री राय ने पूज्य महाराज जी को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने सिवनी नगर के समीपस्थ ग्राम बोरदई टेकरी स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर देवाधिदेव महादेव की आराधना कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

# भोपाल की दहाड़! आल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम "रोमांचक मुकाबले के बाद भोपाल चैंपियन"

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्व. श्री सौभाग्यचंद मालू मेमोरियल के अंतर्गत आयोजित अशोक एण्ड अशोक अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। दमदार खेल और रणनीतिक सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए भोपाल की टीम ने शानदार वापसी कर खिताब अपने नाम किया और टूर्नामेंट की सरताज बन गई।

मैच के प्रारंभ से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। तेज आक्रमण, मजबूत डिफेंस और सटीक पासिंग ने दर्शकों को पूरे समय बांधे रखा। शुरुआती दौर में बिलासपुर ने लगातार दो गोल दागकर भोपाल टीम और उसके समर्थकों को दबाव में ला दिया। एक समय ऐसा प्रतीत हुआ कि मुकाबला बिलासपुर के पक्ष में जा सकता है।किन्तु हाफ टाइम के बाद भोपाल ने जबरदस्त पलटवार किया। आक्रामक रणनीति और बेहतरीन तालमेल के साथ टीम ने लगातार तीन गोल दागकर मैच का रुख पलट दिया। निर्णायक क्षणों में खिलाड़ियों का संयम और आत्मविश्वास ही जीत का आधार बना।

दर्शकों की भारी उपस्थिति में खेले गए इस मुकाबले में हर गोल पर मैदान तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। दर्शकों द्वारा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नगद पुरस्कारों की घोषणाएं भी की गईं, जिन्हें मैच समाप्ति के पश्चात प्रदान किया गया। अंततः विजेता भोपाल टीम को आयोजन समिति एवं मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं सम्मान राशि प्रदान की गई।



**भव्य समापन समारोह सम्पन्न**

यंग स्टार क्लब, सिवनी के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का समापन समारोह 13 फरवरी 2026, शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड में गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ।मुख्य अतिथि - प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, कुलगुरु, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा। मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व का भी माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढऩे का आह्वान किया।

**दिनेश राय मुनमुन, विधायक, सिवनी विधायक का उद्बोधन –** दिनेश राय मुनमुन ने यंग स्टार क्लब एवं आयोजन समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इतने व्यवस्थित और भव्य स्तर पर अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन करना वास्तव में सराहनीय है। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों को बधाई दी।विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजा बघेल ने प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपए की राशि आयोजन समिति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रदान की।

अध्यक्षता ज्ञानचंद सनोडिया, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, सिवनी, मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया तथा आयोजन समिति की सराहना की।

मीडिया प्रभारी अब्दुल काबिज खान ने बताया कि विशेष आभार मीडिया साथियों का आयोजन समिति सिवनी के समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त करती है, जिनकी सकारात्मक एवं निष्पक्ष कवरेज से यह प्रतियोगिता जन-जन तक पहुँची। आप सभी पत्रकार बंधुओं के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक एवं यादगार बन सका।

**आयोजन –** यंग स्टार क्लब, सिवनी स्व. श्री सौभाग्यचंद मालू मेमोरियल, अशोक एण्ड अशोक अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता प्रतियोगिता समिति सिवनी अध्यक्ष संतोष पटेल, कार्यवाहक अध्यक्ष अमर बी. सिंह, सचिव नरेन्द्र टांक, अजय सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष अमित मालू, प्रकाश शर्मा सदस्य दिलीप करोसिया, सुरेन्द्र करोसिया, महेन्द्र पंड्या समापन अवसर पर आयोजन समिति के सचिव अमित मालू ने सभी सहयोगियों एवं विभिन्न समितियों को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किए तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

## आदिवासी इलाकों में फूंका आंदोलन का बिगुल

# नक्सलवाद समाप्त हुआ तो खनन का खेल शुरू

## खनन के खिलाफ एकजुट हुये संगठन और नेता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में नक्सलियों के खात्मे और जंगलों में बढ़ती माइनिंग की गतिविधियों को लेकर अब सियासत गरमा गई है। कांग्रेस विधायक संजय उईके ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार की नीतियों पj सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार क्षेत्र से नक्सलियों के सफाए का दावा करती है और दूसरी तरफ उन्हीं वन क्षेत्रों में माइनिंग का काम शुरू कर दिया जाता है।

सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक उईके ने कहा कि आदिवासी समाज के लिए जल, जंगल और जमीन देवता के समान हैं। उन्होंने लौंगुर से पचामादादर के बीच के वन क्षेत्र में बॉक्साइट खनन की अनुमति दिए जाने को नियम विरुद्ध बताया। विधायक का दावा है कि इस पूरी प्रक्रिया में 'फॉरेस्ट रिजर्व एक्ट' और पेसा कानून की अनदेखी की गई है।



विधायक उईके ने माइनिंग के लिए तैयार की गई सर्वे रिपोर्ट को भ्रामक और गलत बताया। उन्होंने कहा कि विभाग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस क्षेत्र में वन्यप्राणियों का कोई गलियारा (कॉरिडोर) या आदिवासियों का निवास नहीं है, जबकि हकीकत इसके उलट है।

सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, यह क्षेत्र कान्हा और पेंच नेशनल पार्क के बीच वन्यप्राणियों के आवागमन का मुख्य रास्ता है। साथ ही, यहाँ की 14 पंचायतों के 46 गांवों में लगभग 33 हजार लोग रहते हैं।

विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने विधानसभा में सवाल उठाने की कोशिश की थी, लेकिन उनके सवालों को लगने नहीं दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब यह लड़ाई केवल सदन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे सड़क से लेकर कोर्ट तक ले जाया जाएगा।

इसी मामले में जिला पंचायत सदस्य मंशाराम मड़ावी ने प्रशासन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि खनन की अनुमति के लिए 18 फरवरी को होने वाली जनसुनवाई को तुरंत टाला जाए। यदि सरकार और प्रशासन ने जनसुनवाई नहीं रोकी, तो तहसील मुख्यालय पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर रूद्र-हनुमान शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रुद्र और हनुमान स्वरूप की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा शहर शिव भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया और भक्तों के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा।

शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण साधक पीयूष सांवरे और लक्ष अग्रवाल रहे, जिन्होंने रुद्र और हनुमान का स्वरूप धारण किया। इन दोनों साधकों ने 40 किलो वजनी विशाल मुकुट पहनकर शोभायात्रा में हिस्सा लिया। इस स्वरूप को धारण करने के लिए दोनों साधकों ने 40 दिनों तक ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए कठिन तपस्या की।

यह शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर अहिंसा द्वार, राजघाट चौक, नावेल्टी हाउस चौक, हनुमान चौक और सर्किट हाउस मार्ग से होती हुई आंबेडकर चौक पहुंची।



यात्रा के दौरान विशेष रूप से भगवान शिव का भस्म नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही भगवान शिव-माता पार्वती और राम दरबार की जीवंत झांकियों ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

जय बजरंग सेवादल समिति और बलभीम व्यायाम शाला पिछले चार वर्षों से इस 'रूद्र संग रूद्र अवतार' कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की परंपराओं को बढ़ावा देना है।

पहले 40 किलो वजनी मुकुट पहनने की यह परंपरा केवल दशहरा पर्व पर पानीपत की तर्ज पर निभाई जाती थी, लेकिन अब इसे महाशिवरात्रि पर भी शुरू किया गया है।

# भरवेली में 21 से 28 फरवरी तक 34वीं स्व. जोसफ–त्रिवेदी स्मृति लेदर बॉल क्रिकेट स्पर्धा



**बालाघाट।** जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भरवेली में आगामी 21 से 28 फरवरी तक 34वीं स्व. माईकल जोसफ एवं स्व. प्रफुल्ल भाई त्रिवेदी स्मृति लेदर बॉल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दुर्गा चौक खेल मैदान में आयोजित होगी। आयोजन एवं स्वास्तिक क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार इस प्रतिष्ठित क्रिकेट स्पर्धा में नागपुर, जबलपुर, रायपुर सहित अन्य शहरों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता 20-20 ओवर के नियमों पर आधारित होगी और प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे, जिससे दर्शकों को लगातार रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 5000 रुपये निर्धारित किया गया है।

पुरस्कारों की बात करें तो विजेता टीम को 50,000 रुपये नगद राशि एवं आकर्षक कप प्रदान किया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 25,000 रुपये नगद एवं कप देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज जैसे कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे।

इस आयोजन के संरक्षक प्रख्यात समाजसेवी श्री प्रधुम्मन भाई त्रिवेदी हैं। अध्यक्ष के रूप में उम्मेदसिंह भाटी (अभिकर्ता एवं महाप्रबंधक, मॉयल) मार्गदर्शन देंगे। उपाध्यक्ष विवेक कुमार खान (प्रबंधक, मॉयल), सचिव भरत मलिक एवं कोषाध्यक्ष सी.एम. जोसफ (स्वास्तिक क्लब) आयोजन की कमान संभाल रहे हैं। विशेष सहयोगियों में रितेश माने (खेल अधिकारी, मॉयल लिमिटेड नागपुर), विवेक महाकालकर (उपमहाप्रबंधक कार्मिक), भूपेन्द्र सिंह (थाना प्रभारी भरवेली), मधुकर हरपाल (प्राचार्य होली होम इंग्लिश मीडियम स्कूल बालाघाट), विकास खुरसेल (किशोर न्याय बोर्ड सदस्य, म.प्र.), श्रीमती गीता अनिल बिसेन (सरपंच ग्राम पंचायत भरवेली) एवं श्रीमती शांति गुड्डा दीवान (सरपंच ग्राम पंचायत हीरापुर) सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा।

आयोजन समिति ने क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमी दर्शकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। यह स्पर्धा न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगी, बल्कि भरवेली क्षेत्र में खेल भावना और सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करेगी।

## कार्यक्रम में 11 विदेशी प्रतिभागी भी हुए शामिल

# आदि-जोहार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक मिलन 'रेला' सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकासखंड किरनापुर के ग्राम नंदोरा (पंचायत बक्कर) में 1 से 8 फरवरी तक 'रेला' नामक सांस्कृतिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन "आदि-जोहार" समूह के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी समुदायों एवं देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के बीच सांस्कृतिक संवाद और सहभागिता के उद्देश्य से सम्पन्न हुआ।

आमंत्रण आधारित (इनवाइट ओनली) इस कार्यक्रम में पूर्व पंजीकरण अनिवार्य था। प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित हुए इस आयोजन में विभिन्न देशों से 11 प्रतिभागी, भारत के अलग-अलग शहरों से 25 प्रतिभागी शामिल हुए। साथ ही कांकेर एवं नारायणपुर (छत्तीसगढ़) से मुरिया समुदाय के 95 सदस्य, कवर्धा से बैगा समुदाय के 11 सदस्य, आमरागढ़ से माडिया समुदाय के 14 सदस्य तथा पश्चिम बंगाल से संथाल समुदाय के 11 सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक एवं लोक संगीत, सामूहिक नृत्य, सांस्कृतिक संवाद, कला एवं हस्तशिल्प के माध्यम से विभिन्न समुदायों ने अपनी जीवन शैली, परंपराओं और अनुभवों को साझा किया। प्रस्तुतियां मुख्यतः प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप सीमित ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के साथ आयोजित की गईं।

यह आयोजन पूर्णतः सामूहिक सहयोग से सम्पन्न हुआ। शहरों एवं विदेशों से आए प्रतिभागियों ने स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग प्रदान किया, वहीं आदिवासी समुदायों ने चावल, पत्तलों हेतु पत्ते तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई।

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भोजन के लिए पत्तलों का उपयोग किया गया, स्थल पर कचरा पात्रों की व्यवस्था की गई तथा प्लास्टिक अपशिष्ट को पृथक एकत्र कर पुनर्चक्रण हेतु भेजा गया। पार्किंग की व्यवस्था निजी भूमि पर की गई और प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड किट उपलब्ध रही।

'रेला' का उद्देश्य सांस्कृतिक संरक्षण, ग्रामीण-शहरी संवाद, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशील जीवन दृष्टि को बढ़ावा देना रहा। आयोजकों के अनुसार यह एक मैत्रीपूर्ण सांस्कृतिक मिलन था, जिसका कोई व्यावसायिक या राजनीतिक उद्देश्य नहीं था। उल्लेखनीय है कि "आदि-जोहार" कोई पंजीकृत संस्था नहीं, बल्कि मित्रों का एक समूह है, जो आदिवासी समुदायों के साथ संवाद एवं सांस्कृतिक सहयोग की भावना से कार्य करता है।



# महादेव पहाड़ी डोंगरगाव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम के तहत उच्च अधिकारी के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के मार्ग दर्शन मे दिनाक 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्राम डोंगरगाव मे स्थित महादेव पहाड़ी पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे पुलिस चिकित्सक डॉ पी आर रोकड़े , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हट्टा से डॉ हर्षा अजित , राजेश फार्मेस्टी , उमेश तेलासे कम्पाड़र ने 160 मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया । पुलिस थाना हट्टा से विजय पटले , बरसन सिह धुर्वे , श्री चंद पटले , दिनेश जायसवाल ,विनोद उमरे महिमा सहारे ,अंकिता पटले , मुकेश लिलहारे , देवेन्द्र हरिनखेड़े , कन्हैया टेभरे आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने मे सराहनीय योगदान रहा ।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालय में गुंजे हर हरमहादेव के जयकारे

# भक्तिभाव से किए श्रदालुओ ने भगवान शिव व मां पार्वती की पुंजा अर्चना, महाप्रसाद का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

15 फरवरी रविवार के महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर खैरलांजी मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल के शिवालय व मंदिरो में श्रदालुओ के द्वारा भक्तिभाव से पूरी आस्था व श्रद्धा से भगवान शिव शंकर की पूंजा आर्चना कर श्रदालुओ के द्वारा हर हर महादेव के जयघोष लगाए। हवन-पूजन किया गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तजनो का आना जाना लगा रहा जो देर रात तक चलता रहता। जिससे पुरा मंदिर परिसर भक्तिभाव से सुगंधित हुआ। महा शिवरात्री के अवसर पर रविवार को हर वर्ष की तरह गुडरूघाट, झरिया,गर्रा चौकी में स्थित भगवान शिव के मंदिर व शिवालय में सुबह से श्रदालुओ बड़ी तादाद में पहुंचकर कर विधि विधान अनुरूप भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की पूंजा-पाठ कि और धार्मिक अनुष्ठान किए । भगवान शिव को जलाभिषेक किया साथ ही सबके कल्याण एंव सुख समृद्धी के लिए भगवान से प्रार्थना की और हर हर महादेव के जयघोष किए। धार्मिक अनुष्ठान के साथ साथ भक्तिभाव से भजन कीर्तन एंव भक्तिमय गायन की प्रस्तूती दि गई तथा महाप्रसाद वितरण की गई। इस अवसर पर बड़ी तादाद में श्रदालुगंण उपस्थित रहे।



# आदिवासी देवस्थल को जेसीबी मशीन से हटा दिया, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम कामथी (गोंडीटोला) में एक खेत मालिक ने आदिवासी देवस्थल को जेसीबी मशीन से हटा दिया। इससे आदिवासी समुदाय में गुस्सा है और उन्होंने जमीन मालिक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है।

गोंडीटोला के आदिवासी परिवारों का कहना है कि वे पीढ़ियों से इस स्थान पर अपने कुलदेवता की पूजा करते आ रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि मालिक ने बिना किसी सूचना या सहमति के जेसीबी चलवाकर देवस्थल को हटवा दिया।



आदिवासियों के अनुसार, इस प्रक्रिया में उनकी पूजनीय मूर्तियां खंडित हो गई हैं, जिसे वे अपनी संस्कृति और परंपरा पर हमला मान रहे हैं।

ग्रामीण भगवंती टेकाम और हंसलाल तेकाम ने कहा कि यदि देवस्थल हटाना ही था, तो उन्हें पहले सूचित किया जाना चाहिए था। पूर्व सरपंच भागचंद पटले ने भी इस कार्रवाई को अनुचित बताया है।

उन्होंने मांग की है कि खेत मालिक आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार देवों की पुनः स्थापना में सहयोग करें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समाधान नहीं निकला, तो पुलिस में धार्मिक भावनाओं को आहत करने की शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

दूसरी ओर, खेत मालिक अमित देशमुख ने आरोपों को गलत बताया है। उनका कहना है कि धार्मिक प्रतीक उनकी निजी स्वामित्व वाली जमीन पर थे, जिससे खेती के काम में बाधा आ रही थी।

उन्होंने तर्क दिया कि उन्होंने मूर्तियों को अपमानित नहीं किया, बल्कि उन्हें सुरक्षित रूप से हटाकर आदिवासियों की स्वयं की भूमि की सीमा पर ट्रांसफर कर दिया है।

## कृषि जागरूकता पर दिया गया जोर

# रेडियो किसान दिवस पर धपेरा में विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कृषि के प्रचार-प्रसार में रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए आकाशवाणी बालाघाट (प्रसार भारती) द्वारा रेडियो किसान दिवस के अवसर पर ग्राम धपेरा (मोहगांव) में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, बैंक प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।




कार्यक्रम का शुभारंभ जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे, उपसंचालक कृषि फूल सिंह मालवीय, सहायक संचालक कृषि राजेश खोबरागड़े, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम समन्वयक एस.आर. धूवारे, वैज्ञानिक रमेश अमूले (राजा भोज कृषि महाविद्यालय), डॉ. बावसकर दत्ता (केंद्रीय रेशम बोर्ड), सहायक यांत्रिक कृषि अभियांत्रिकी मुकेश कुलस्ते, एलडीएम संजीव कुमार, सहायक निदेशक आकाशवाणी कुंवर विक्रम सिंह, कार्यक्रम अधिकारी धीरज कुमार, सरपंच प्रतिनिधि साधुराम कवाचे एवं प्रगतिशील कृषकों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी धीरज कुमार ने रेडियो किसान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडियो आज भी जनसंचार का सबसे सशक्त एवं विश्वसनीय माध्यम है, जो ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक त्वरित और सटीक जानकारी पहुंचाता है। प्राकृतिक आपदाओं, कृषि सलाह, स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में रेडियो की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

सहायक निदेशक कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि आकाशवाणी बालाघाट द्वारा किसानों के अनुभव, कृषि तकनीक और योजनाओं की जानकारी "किसानवाणी" जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचाई जा रही है। डिजिटल युग में भी एफएम, सामुदायिक रेडियो और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के माध्यम से रेडियो की पहुंच निरंतर बढ़ रही है।

मुख्य अतिथि लोकेश लिल्हारे ने कहा कि रेडियो का महत्व पहले भी था और आज भी है। कृषि में नई तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने में आकाशवाणी की अहम भूमिका है। उन्होंने किसानों से अपील की कि प्रसारित कार्यक्रमों से जुड़कर आधुनिक खेती अपनाएं।

उपसंचालक कृषि फूल सिंह मालवीय ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती, फार्मर आईडी बनाने, तथा दलहनी एवं तिलहनी फसलों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। सहायक संचालक राजेश खोबरागड़े ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की।

कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक ने नवीनतम अनुसंधान एवं तकनीकों की जानकारी दी। केंद्रीय रेशम बोर्ड के डॉ. बावसकर दत्ता ने रेशम पालन की तकनीक पर प्रकाश डाला, जबकि जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव कुमार ने किसानों के लिए बैंक योजनाओं की जानकारी साझा की।

इस अवसर पर "मन की बात" में उल्लेखित कटंगी की प्रगतिशील कृषक सोमा उइके सहित जिले के उन्नत कृषकों का सम्मान आकाशवाणी बालाघाट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी स्टाफ, कृषि विभाग के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## वारि मंदिर से कोटेश्वर दरबार में लगी पांडरी पाठ माई की हाजिरी

# कोटेश्वर धाम पर लगा भक्तों का तांता: सुबह से ही दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु, पूजन-अर्चन कर मांगा आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले के लांजी स्थित प्राचीन कोटेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मां लज्जादेवी व दादा कोटेश्वर की ऐतिहासिक नगरी में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। कोटेश्वर मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर हजारों की संख्या में भक्तों ने देवाधिदेव महादेव की विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर अपने को धन्य माना। पर्व के चलते शिवभक्तों द्वारा मंदिर परिसर, मुख्यद्वार, गर्भगृह तथा आसपास फूलों की लडिय़ों व फलों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। शिवरात्रि पर देर रात्रि १२ बजे से ही शिव भक्तों की भीड़ मंदिर में लगने लगी थी जो कि सुबह होते-होते बढ़ती गई और दोनों ओर महिला-पुरूषों की लम्बी लाईनें लगी रही। भक्तों ने घंटो इंतजार कर बारी-बारी से पूजन अर्चन किया। मंदिर में भक्तों का दर्शन का यह क्रम अब लगातार सप्ताह भर तक चलता रहेगा एवं कोटेश्वर मंदिर में व मेले में भक्तों में काफी उत्साह के साथ ही चहल-पहल दिखाई देगी।दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा कोटेश्वर का जल, बेलपत्र और फूल से अभिषेक कर मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मांग रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण 'हर हर महादेव' के जयकारों से भक्तिमय हो गया है। महाशिवरात्रि पर लांजी के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व वाले कोटेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, महादेव का अभिषेक और श्रृंगार किया गया। मान्यता है कि सच्चे मन से दर्शन करने वालों की हर मनोकामना पूरी होती है।महाशिवरात्रि के मौके पर यहां भव्य मेले का आयोजन किया जाता है, जो कई दिनों तक चलता है और जिसमें दूर-दराज के व्यापारी शामिल होते हैं।यह मंदिर लगभग 1000 साल पुराना और पौराणिक ऋषि दधिचि की तपोभूमि माना जाता है। मंदिर में भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।



**पांडरी पाठ माता की कोटेश्वर दरबार में लगी हाजिरी:** लांजी क्षेत्र में स्थित मां पांढरी पाठ मंदिर (वारी) और बाबा कोटेश्वर धाम अपनी धार्मिक आस्था के लिए जाने जाते हैं।मां पांढरी पाठ एक प्रसिद्ध देवी मंदिर है, जहाँ नवरात्र के दौरान हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और मनोकामना कलश स्थापित करते हैं। वही शिवरात्रि के पर्व को देखते हुए वारी से मां पंडरी पाठ माता की सवारी लेते हुए मंदिर के पांडा बाबा रेखलाल कावरे एवं मंदिर के संरक्षक सुधीर दसारिया कोटेश्वर मंदिर पहुंचे जहां माता की सवारी मंदिर के बाहर से ही लोट मारकर खेलते हुए बाबा भोलेनाथ के दरबार पहुंची जहां पहुंचकर माता की सवारी शांत हुई। तत्पश्चात वारि मंदिर के पांडा बाबा रेखलाल कावरे के द्वारा कोटेश्वर शिवलिंग की विधि विधान से पूजन आरक्षण कर सभी भक्तों को आशीष और आशीर्वाद दिया गया।